सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-245
31/05/2017

नेपाल के राजदूत श्री दीप कुमार उपाध्याय ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना, 31 मई 2017 :– आज मुख्यमंत्री आवास 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में भारत में नेपाल के राजदूत श्री दीप कुमार उपाध्याय ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की।

मुलाकात के क्रम में नेपाल के राजदूत श्री दीप कुमार उपाध्याय ने मुख्यमंत्री को नेपाल आने का आमंत्रण दिया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने नेपाल में हाईडल पावर (पन बिजली) के संभावनाओं के उपयोग करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भारत और नेपाल दोनों देशों के लिये लाभकारी होगा। इससे ऊर्जा, बाढ़ नियंत्रण तथा सिंचाई के क्षेत्र में काफी फायदा होगा। नेपाल के राजदूत श्री दीप कुमार उपाध्याय ने जल प्रबंधन पर संगोष्ठी आयोजित करने की बात कही। मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों में भारत और नेपाल के बीच सड़क मार्ग को और सुदृढ़ करने पर भी चर्चा हुयी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नेपाल के राजदूत श्री दीप कुमार उपाध्याय को प्रतीक चिन्ह् भेंट किया। मुलाकत के दौरान मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा उपस्थित थे।

******